# NUJ News Clippings

## Contents


| Sr. No | Date | Name of News Paper | News Related to | Page No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 28-07-2024 | सच बेधड़क | भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ बढ़ाएं | 1 |
| 2 | 28-07-2024 | दैनिक भास्कर | भारत–अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण विषय पर चर्चा | 2 |
| 3 | 26-07-2024 | सच बेधड़क | न्यूक्लियर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर होगा मंथन | 3 |
| 4 | 24-07-2024 | सच बेधड़क | वैश्विक न्यूक्लियर सुरक्षा चुनौतियों पर अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञ चर्चा | 4 |
| 5 | 18-07-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि में एनएसएस सेल ने लगाए 200 पौधे | 5 |
| 6 | 17-07-2024 | जलनेदीप , जयपुर | जनसंपर्क सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा विश्व पीआर दिवस के अवसर फोटो प्रतियोगिता की शुरुआत | 6 |
| 7 | 17-07-2024 | सच बेधड़क | राहगीरों शरबत पिला गर्मी से दिलाई राहत | 7 |
| 8 | 16-07-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण यूनिवर्सिटी में पैरा–मेडिकल की परीक्षा | 8 |
| 9 | 16-07-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण यूनिवर्सिटी में पैरा–मेडिकल की परीक्षाएं सम्पन्न | 9 |
| 10 | 16-07-2024 | सच बेधड़क | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 10 |
| 11 | 02-07-2024 | सच बेधड़क | स्टूडेंट्स को ट्रॉफीज प्रदान करके किया सम्मानित | 11 |
| 12 | 02-07-2024 | अमर उजाला | निर्वाण यूनिवर्सिटी ने 12वीं के मेधावियों को सम्मानित किया | 12 |
| 13 | 25-06-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की दो बुक लॉन्च | 13 |
| 14 | 23-06-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विश्वविद्यालय में 10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया | 14 |
| 15 | 21-06-2024 | सच बेधड़क | विश्व रक्तदाता दिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में रक्तदान शिवर | 15 |
| 16 | 21-06-2024 | राजस्थान पत्रिका | शिवर :100 यूनिट रक्त एकत्र रक्तदाताओ को किया सम्मानित | 16 |
| 17 | 29-05-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित | 17 |
| 18 | 29-05-2024 | दैनिक भास्कर | निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव | 18 |
| 19 | 28-05-2024 | सच बेधड़क | पद्मश्री डॉ. सुब्रोतो का निर्वाण विवि का दौरा | 19 |
| 20 | 25-05-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि के स्टूडेंट्स ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे | 20 |
| 21 | 19-05-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव | 21 |
| 22 | 18-05-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि में ICICI बैंक की प्लेसमेंट ड्राइव | 22 |
| 23 | 18-05-2024 | सच बेधड़क | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 23 |
| 24 | 15-05-2024 | सच बेधड़क | नर्सिंग पेशेवरों में दिखा समर्पण और सौहार्द का भाव | 24 |
| 25 | 13-05-2024 | राजस्थान पत्रिका | नर्सेज दिवस पर फ्रेशर पार्टी | 25 |
| 26 | 04-05-2024 | राजस्थान पत्रिका | प्रीति चौरसिया को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई | 26 |
| 27 | 03-05-2024 | दैनिक भास्कर | उषा शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई | 27 |
| 28 | 02-05-2024 | दैनिक भास्कर | हेमंत माथुर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई | 28 |
| 29 | 30-04-2024 | दैनिक भास्कर | अंकुर दत्त शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई | 29 |
| 30 | 26-04-2024 | सच बेधड़क | क्विज कॉम्पविद्यालय में विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि | 30 |
| 31 | 25-04-2024 | राजस्थान पत्रिका | क्विज कॉम्पविद्यालय में शामिल हुए 80 छात्र | 31 |
| 32 | 10-04-2024 | दैनिक भास्कर | निर्वाण यूनिवर्सिटी और एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के बीच एमओयू | 32 |
| 33 | 07-04-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण यूनिवर्सिटी : ऑनलाइन वर्कशॉप सीरिज की शुरुआत | 33 |
| 34 | 05-04-2024 | दैनिक भास्कर | एनएसएस कैंप संपन्न लोगों को किया जागरुक | 34 |
| 35 | 12-03-2024 | राजस्थान पत्रिका | परिवार और समाज का नेतृत्व कर सकती है शिक्षित महिला | 35 |
| 36 | 10-03-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से दो महिला सरपंचो को किया गया सम्मानित | 36 |
| 37 | 06-03-2024 | सच बेधड़क | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 37 |
| 38 | 06-03-2024 | सच बेधड़क | कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीखे बम्बू प्लांटेशन के गुर | 38 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39 | 02-03-2024 | सच बेधड़क | छात्रों ने सहेजा विज्ञान का ज्ञान | 39 |
| 40 | 04-03-2024 | सच बेधड़क | फर्स्ट टाइम वोटर को जागरुक करना जरुरी एस.एल.सिहाग | 40 |
| 41 | 28-02-2024 | दैनिक भास्कर | निर्वाण यूनिवर्सिटी पुस्तक विमोचन समारोह हुआ | 41 |
| 42 | 28-02-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण यूनिवर्सिटी में दो पुस्तकों का विमोचन | 42 |
| 43 | 17-02-2024 | दैनिक भास्कर | सड़क सुरक्षा कार्यो के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी सम्मानित | 43 |
| 44 | 17-02-2024 | सच बेधड़क | रोड सेफ्टी पहल के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी पुरस्कृत | 44 |
| 45 | 09-02-2024 | दैनिक भास्कर | सड़क सुरक्षा प्रबंधन बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन | 45 |
| 46 | 09-02-2024 | राजस्थान पत्रिका | स्टूडेंट्स को सत्यम में दी सड़क सुरक्षा की जानकारी | 46 |
| 47 | 09-02-2024 | सच बेधड़क | सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक निधि सिंह | 47 |
| 48 | 09-02-2024 | राजस्थान पत्रिका | स्टूडेंट्स को "सत्यम" में दी सड़क सुरक्षा की जानकारी | 48 |
| 49 | 09-02-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि. जयपुर में खुला सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र | 49 |
| 50 | 08-02-2024 | दैनिक भास्कर | सड़क सुरक्षा पर "सत्यम" कार्यशाला आयोजित | 50 |
| 51 | 08-02-2024 | सच बेधड़क | "सत्यम" में दिया सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण | 51 |
| 52 | 30-01-2024 | राजस्थान पत्रिका | वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर हुआ एम.ओ.यू | 52 |
| 53 | 15-01-2024 | राजस्थान पत्रिका | विवेकानंद जयंती पर 27 वांराष्ट्रीय युवा महोत्सव | 53 |
| 54 | 15-01-2024 | राजस्थान पत्रिका | ताइक्वांडो में अर्जुन ने जीता कांस्य | 54 |
| 55 | 15-01-2024 | दैनिक भास्कर | किशनगढ़ के अर्जुन सोनी के ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक | 55 |
| 56 | 29-12-2023 | समाचारजगत | वेबिनार मेंउद्यमिता, वित और रोजगार पर चर्चा | 56 |
| 57 | 27-12-2023 | दैनिक भास्कर | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 57 |
| 58 | 26-12-2023 | दैनिक भास्कर | बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन | 58 |
| 59 | 23-11-2023 | राजस्थान पत्रिका | राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह की शुरुआत | 59 |
| 60 | 09-09-2023 | राजस्थान पत्रिका | भाषण प्रतियोगिता | 60 |
| 61 | 26-08-2023 | राजस्थान पत्रिका | सीयूइटी से प्रवेश, स्टूडेंट्स को मिलेगी स्कॉलरशिप | 61 |
| 62 | 25-08-2023 | दैनिक भास्कर | सभी कोर्सेज में सीयूइटी 2023 से विद्यार्थियों के आवेदन | 62 |
| 63 | 15-07-2023 | दैनिक भास्कर | चिकित्सा विज्ञान में प्रोफेशनल संवाद पर हुई कार्यशाला | 63 |
| 64 | 15-07-2023 | दैनिक भास्कर | आपदा प्रबंधन व प्राथमिक उपचार की जानकारी | 64 |
| 65 | 27-04-2023 | राजस्थान पत्रिका | ओईटी ग्लोबल फ्लैगशिप" कार्यक्रम | 65 |
| 66 | 09-04-2023 | राजस्थान पत्रिका | "टीचर सपोर्ट प्रोग्राम लिंग्वास्किल" पर कार्यशाला | 66 |
| 67 | 24-03-2023 | राजस्थान पत्रिका | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 67 |
| 68 | 24-03-2023 | राजस्थान पत्रिका | "बिटिया इन ऑफिस" का आयोजन | 68 |
| 69 | 24-03-2023 | राजस्थान पत्रिका | कानून की समझ के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण आवश्यक | 69 |
| 70 | 13-03-2023 | राजस्थान पत्रिका | "बिटिया इन ऑफिस" का आयोजन | 70 |
| 71 | 02-03-2023 | राजस्थान पत्रिका | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 71 |
| 72 | 27-02-2023 | राजस्थान पत्रिका | आईडीपी इण्डिया के साथ "एमओयू" पर हस्ताक्षर | 72 |
| 73 | 27-02-2023 | दैनिक भास्कर | आईडीपी इण्डिया के साथ "एमओयू" पर हस्ताक्षर | 73 |
| 74 | 24-02-2023 | दैनिक भास्कर | लेटर ऑफ इंटेंट पर हुए हस्ताक्षर | 74 |
| 75 | 24-02-2023 | राजस्थान पत्रिका | लेटर ऑफ इंटेंट पर हुए हस्ताक्षर | 75 |
| 76 | 03-02-2023 | दैनिक भास्कर | ओमप्रकाश वाल्मीकि स्मृति साहित्य सम्मान 2023 | 76 |
| 77 | 06-01-2023 | राजस्थान पत्रिका | मौलिक अधिकारों की दी जानकारी | 77 |
| 78 | 31-12-2022 | दैनिक भास्कर | किसान दिवस | 78 |
| 79 | 23-11-2022 | राजस्थान पत्रिका | विधिक साक्षरता अभियान | 79 |
| 80 | 23-11-2022 | दैनिक भास्कर | विधिक साक्षरता अभियान | 80 |

# सच बेधड़क

## *28-07-2024*

दैनिक हिन्दी अखबार
सच बेधड़क
28 Jul 2024

डिस्कशन | निर्वाण विश्वविद्यालय में पैनल चर्चा का आयोजन

# भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ बढ़ाएं

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में "भारत और अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण" पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा के पैनल में नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल के नेशनल सिक्यूरिटी अफेयर्स विभाग के प्रोफेसर डॉ.एस.पॉल कपूर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हवर इंस्टीट्यूशन के विजिटिंग फेलो डॉ. एस पॉल कपूर में शामिल हुए।

कपूर अपनी प्रमुख पुस्तकें "जिहाद एज ग्रैंड स्ट्रैटेजी" और "डेंजरस डि टरेंट" के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं। नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च फैकल्टी के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर के अलावा अनिल कुमार (आईपीएस) जो कि न्यूक्लियर सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व इंस्पेक्टर जनरल (सिक्योरिटी), परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार में कार्यरत और निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के चेयरमेन डॉ.एस.एल. सिहाग और निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के वाइस चेयरमेन एंड सीईओ डॉ. आर.के. अरोड़ा, विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहे। चर्चा के दौरान अपने भाषण में डॉ.पाल ने कहा कि " भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर पॉवर सुरक्षा जैसे मुद्दो पर विचारों का आदान प्रदान और चर्चा बहुत ही जरूरी हैं, आज की यह चर्चा दोनों देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का सुनहरा मौका हैं। अपने भाषण में आगे डॉ. कपूर ने बताया कि आखिर क्यों न्यूक्लियर सुरक्षा की चुनौतियां विश्व स्थिरता के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं और ऐसी चर्चाएं लगातार होनी चाहिए, जो न्यूक्लियर सुरक्षा की जागरूकता बढ़ाने में एक ठोस कदम के रूप में कार्य करती हैं"। पैनल में मौजूद नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च फैकल्टी के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर ने अपने भाषण में न्यूक्लियर सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि "भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ को बढ़ाना बहुत ही जरूरी हैं, आज इस पैनल चर्चा के माध्यम से दोनो देशों के बीच विचारों का आदान प्रदान होगा, जो कि आगे चलकर दोनो देशों के नीति निर्धारकों के लिए अत्यंत मूल्यवान साबित होंगे"। बता दें कि मिस डायना व्यागर ने " द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्यूरिटीः यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव" बुक का संपादन भी किया हैं।




## सभी रेडिएशन बुरे नहीं होते

पैनल में मौजद अन्य विशेषज्ञ अनिल कुमार (IPS) ने बच्चों के साथ अपना अनुभव शेयर करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि " हर प्रकार की रेडिएशन इंसान के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव नहीं डालती हैं, कुछ रेडिएशन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होती हैं, इसके अलावा अनिल कुमार ने बताया कि किस तरह रेडिएशन हमारे भोजन के लिए भी आवश्यक हैं, आयनीकृत विकिरण का उपयोग करके किस तरह भोजन में मौजूद बैक्टीरियां से भोजन को सुरक्षित रखा जाता हैं, जिससे कोल्ड स्टोरेज की जरूरत नहीं होती हैं और भोजन में मौजूद पोषक तत्वों की ज्यादा हानि भी नहीं होती हैं।

## दोनों देशों की सुरक्षा में मिलेगा योगदान

निर्वाण विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमेन एंड सीईओ डॉ. आर.के. अरोड़ा ने बताया कि " दो देशों की बीच हो रही इस प्रकार की चर्चा हमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सोचने और इसके लिए किसी भी तरह से अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं, इतना ही नहीं ऐसी चर्चाएं न्यूक्लियर सुरक्षा पर भारत और अमेरिका के दृष्टिकोण को समझने का अवसर प्रदान करती हैं, हम ऐसे दृष्टिकोण की मदद से ना केवल देश की सुरक्षा मजबूत करने में अपना योगदान देंगें। बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। पैनल चर्चा में महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता हैं, जो दोनों देशों की बीच सुरक्षा नीतियों को मजबूत करने में सहयोग करेगा।

## वैश्विक सुरक्षा की दिखाई जिम्मेदारी

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के चेयरमेन डॉ.एस.एल. सिहाग ने कहा कि " यह चर्चा दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ को मजबूत बनाने का शानदार अवसर हैं, इस प्रकार की चर्चाओं से वैश्विक सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी दिखती हैं, विद्वानों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर हमारा विश्वविद्यालय विश्व सुरक्षाओं में नए विचारों और संभावनाओं की खोज में महत्वपूर्ण रोल निभाता हैं। इस आयोजन के माध्यम से निर्वाण विश्वविद्यालय एक बार फिर अपने आप को विश्व मंच पर अपने आपको प्रमुख शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान के रूप में स्थापित किया हैं।

दैनिक भास्कर

*28-07-2024*

दैनिक भास्कर

बिजनेस प्लस

# भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण विषय पर हुई पैनल चर्चा



**जयपुर** | निर्वाण विश्वविद्यालय में 'भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण' पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। पैनल में नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल के नेशनल सिक्यूरिटी अफेयर्स विभाग के प्रोफेसर डॉ. एस पॉल कपूर, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च फैकल्टी के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर, अनिल कुमार विशेषज्ञ के रूप में मौजूद थे। डॉ.पाल ने बताया कि आखिर क्यों न्यूक्लियर सुरक्षा की चुनौतियां विश्व स्थिरता के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं और ऐसी चर्चाएं लगातार होनी चाहिए, जो न्यूक्लियर सुरक्षा की जागरूकता बढाने में एक ठोस कदम के रूप में कार्य करती हैं"। निर्वाण विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन एंड सीईओ डॉ. आरके अरोड़ा ने कि निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में ऐसी पैनल चर्चा होना बड़े गर्व की बात हैं और हम आगे भी ऐसी चर्चाओं का समर्थन और आयोजन करते रहेंगे, जिससे ना केवल देश बल्कि विश्व सुरक्षा को बढ़ावा मिलता रहेगा। विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग ने कहा कि यह चर्चा दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ को मजबूत बनाने का शानदार अवसर हैं।

सच बेधड़क

***26-07-2024***

दैनिक हिंदी अख़बार
सच बेधड़क
26 Jul 2024

**डिस्कशन** | **निर्वाण विश्वविद्यालय में "भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण" पर पुस्तक पैनल चर्चा**

# न्यूक्लियर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर होगा मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में शुक्रवार को "भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण" पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक पैनल का आयोजन किया जाएगा। इस पैनल में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विद्वानों की भागीदारी होगी, जो न्यूक्लियर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।








इस महत्वपूर्ण पैनल में मुख्य वक्ताओं में अमेरीका से डॉ. एस. पॉल कपूर, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल के नेशनल सिक्योरिटी अफेयर्स विभाग के प्रोफेसर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन के विजिटिंग फेलो रहेंगे। उन्होंने 2019 से 2021 तक अमेरिकी राज्य विभाग के पॉलिसी प्लानिंग स्टाफ में सेवा की है और उनकी प्रमुख पुस्तकें "जिहाद एज ग्रैंड स्ट्रैटजी" और "डेंजरस डिटरेंट" शामिल हैं। साथ ही, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर भी होंगी, जो दक्षिण एशिया में न्यूक्लियर स्ट्रैटजी और सुरक्षा पर गहन शोध कर चुकी हैं। उन्होंने "द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटी: यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव्स" का संपादन भी किया है। इस पैनल में डॉ. आर. के. अरोड़ा भी शामिल होंगे, जो निर्वाण विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन हैं। डॉ. अरोड़ा के अनुभव और दृष्टिकोण से यह पैनल न्यूक्लियर सुरक्षा पर गहन विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जो भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा मामलों पर सहयोग और समझौते को बढ़ावा देगा।

## वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर हुआ गहन अध्ययन

इसके साथ ही पुस्तक "द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटी: यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव्स" का विमोचन भी होगा, जो वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। राजस्थान पुलिस अकादमी और निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। डॉ. सिहाग ने बताया कि यह पैनल चर्चा दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और समझ को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वैश्विक सुरक्षा मामलों में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं और विद्वानों और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर नई संभावनाओं की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन के माध्यम से, निर्वाण विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से अपने आपको एक प्रमुख शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान के रूप में स्थापित किया है, जो वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन अध्ययन और विचार-विमर्श को बढ़ावा देता है।

सच बेधड़क

***24-07-2024***

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
24 Jul 2024

## निर्वाण विश्वविद्यालय में 26 को होगा पुस्तक पैनल का आयोजन

# वैश्विक न्यूक्लियर सुरक्षा चुनौतियों पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ करेंगे चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर





निर्वाण विश्वविद्यालय में 26 जुलाई को 'भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण' पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक पैनल का आयोजन किया जाएगा। इस पैनल में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विद्वानों की भागीदारी होगी, जो न्यूक्लियर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

इस महत्वपूर्ण पैनल में मुख्य वक्ताओं में अमेरीका से डॉ. एस पॉल कपूर, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल के नेशनल सिक्योरिटी अफेयर्स विभाग के प्रोफेसर और स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन के विजिटिंग फेलो रहेंगे। उन्होंने 2019 से 2021 तक अमेरिकी राज्य विभाग के पॉलिसी प्लानिंग स्टाफ में सेवा की है और उनकी प्रमुख पुस्तकें 'जिहाद एज ग्रैंड स्ट्रैटेजी' और 'डेंजरस डिटरेंट' शामिल हैं। साथ ही, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर भी होंगी, जो दक्षिण एशिया में न्यूक्लियर स्ट्रैटेजी और सुरक्षा पर गहन शोध कर चुकी हैं। उन्होंने 'द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटीः यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव्स' का संपादन भी किया है।

इस पैनल में डॉ. आरके अरोड़ा भी शामिल होंगे, जो निर्वाण विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमेन हैं। डॉ. अरोड़ा के अनुभव और दृष्टिकोण से यह पैनल न्यूक्लियर सुरक्षा पर गहन विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जो भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा मामलों पर सहयोग और समझौते को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही पुस्तक 'द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटीः यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव्स' का विमोचन भी होगा।

राजस्थान पुलिस अकादमी और निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। डॉ. सिहाग ने बताया कि यह पैनल चर्चा दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और समझ को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से, निर्वाण विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से अपने आपको एक प्रमुख शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान के रूप में स्थापित किया है, जो वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन अध्ययन और विचार-विमर्श को बढ़ावा देता है।

सच बेधड़क

***18-07-2024***

दैनिक हिंदी अखबार
सच बेधड़क
18 Jul 2024

**पर्यावरण संरक्षण** | निर्वाण विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने दिखाई पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी

# निर्वाण विवि में एनएसएस सेल ने लगाए 200 पौधे

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में एनएसएस सेल ने प्रधानमंत्री की "एक पौधा मां के नाम" मुहिम के तहत पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 200 पौधे लगाए गए। इस खास अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने कहा कि यह पहल हमारे विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों के पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण को दर्शाती है। हम इस प्रकार की और भी गतिविधियों को बढ़ावा देंगे ताकि हमारा परिसर और हमारे आसपास का क्षेत्र हरा-भरा और स्वच्छ रहे। वाईस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। हम अपने छात्रों को इस दिशा में और अधिक सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे।




## छात्रों और स्टाफ ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

पौधारोपण अभियान के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने पौधों को रोपने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण के उपायों पर भी ध्यान दिया। स्टाफ सदस्यों ने पौधों के सही स्थान पर रोपण और उनकी देखभाल की निगरानी की। इस अभियान ने छात्रों और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को समझने और उसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## भविष्य में भी होते रहेंगे कार्यक्रम

विश्वविद्यालय की इस पहल से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहचान दिखी है, बल्कि सामुदायिक विकास और सहयोग को भी बढ़ावा मिला है। इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और योगदान को बढ़ावा मिल सके। विश्वविद्यालय के छात्रों और स्टाफ ने इस अभियान के दौरान जो उत्साह और समर्पण दिखाया, वह सभी के लिए प्रेरणादायक है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. के. सी. सैनी और डॉ. विजय लक्ष्मी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

जलतेदीप , जयपुर
*17-07-2024*

# जनसंपर्क सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा विश्व पीआर दिवस के अवसर फोटो प्रतियोगिता की शुरुआत

■ जलतेदीप, जयपुर



जनसंपर्क सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), जयपुर चैप्टर ने मंगलवार को विश्व पीआर दिवस के अवसर पर युवाओं के लिए एक फोटो प्रतियोगिता की शुरुआत की, जिसमें उन्हें 'हैंड शेक, हग करो और चरण स्पर्श' के थीम के माध्यम से भारतीय संस्कृति, लोकप्रिय रिवाज और परंपराओं को कैद करने और प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुधी राजीव ने इस पहल का पोस्टर जारी किया और बदलती दुनिया में प्रौद्योगिकी और एआई के महत्व पर जोर देते हुए जनसंपर्क की भूमिका को रेखांकित किया।

इस पहल को लोक संवाद संस्थान, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, निर्वाण विश्वविद्यालय, वैदिक पी.जी. महाविद्यालय, कम्युनिकेशन टुडे, और राजस्थान पत्रकार संघ के सहयोग से लॉन्च किया गया।

पीआरएसआई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष वीरेंद्र पारीक और सचिव मनीष हूजा ने बताया कि जनसंपर्क पेशेवर रणनीतिक संचार के माध्यम से ब्रांडों को आकार देने और निर्माण में गर्व महसूस करते हैं।

मनीष हूजा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है और प्रस्तुतियाँ 12 अगस्त, 2024 तक स्वीकार की जाएंगी। पुरस्कारों का वितरण विश्व फोटोग्राफी दिवस, 19 अगस्त, 2024 को किया जाएगा।

सच बेधड़क

*17-07-2024*

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
17 Jul 2024

# राहगीरों को शरबत पिला गर्मी से दिलाई राहत



**बेधड़क** । जयपुर

एनएसएस सेल और एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हाईवे पर यात्रा करने वाले राहगीरों, ट्रक ड्राइवरों, और सड़क किनारे विक्रेताओं को राहत प्रदान करने के लिए शरबत कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से हम उन लोगों को ताजगी और आराम प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं जो गर्मी में यात्रा कर रहे हैं। यह हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का एक हिस्सा है। डॉ. संजय खन्ना और प्रो. रेणु नागर ने कहा कि यह कार्यक्रम एनएसएस और एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्रों और स्वयंसेवकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर एनएसएस और एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के कई छात्र और स्वयंसेवक उपस्थित थे। इन्होंने मिलकर ही राहगीरों को शरबत पिला उन्हें गर्मी से राहत दिलाई। इस पहल को राहगीरों से सराहा।

राजस्थान पत्रिका

*16-07-2024*

# निर्वाण यूनिवर्सिटी में पैरा-मेडिकल की परीक्षा

जयपुर@पत्रिका. निर्वाण यूनिवर्सिटी में पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आयोजित की गई। राजस्थान पैरा-मेडिकल काउंसिल द्वारा संचालित इन परीक्षाओं में प्रथम वर्ष की मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाओं के साथ-साथ रिमांडेड और पूरक परीक्षाओं का भी आयोजन किया गया। निर्वाण यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमेन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने ने बताया कि इस वर्ष जुलाई माह में आयोजित इन परीक्षाओं के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया। इस परीक्षा केंद्र में प्रतिदिन लगभग 2000 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिससे परीक्षा केंद्र पर विशेष तैयारी की गई।

सच बेधड़क

*16-07-2024*

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
16 Jul 2024

# निर्वाण यूनिवर्सिटी में पैरा-मेडिकल की परीक्षाएं सम्पन्न



**बेधड़क** । जयपुर

जुलाई के प्रथम सप्ताह में निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर में पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आयोजित हुईं। राजस्थान पैरा-मेडिकल कौंसिल द्वारा संचालित इन परीक्षाओं में प्रथम वर्ष की मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाओं के साथ-साथ रिमांडेड और पूरक परीक्षाओं का भी आयोजन किया गया। निर्वाण यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमेन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने जानकारी दी कि इस वर्ष जुलाई माह में आयोजित इन परीक्षाओं के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया। इस परीक्षा केंद्र में प्रतिदिन लगभग 2000 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिससे परीक्षा केंद्र पर विशेष तैयारी की गई। परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी ने व्यापक इंतजाम किए थे। परीक्षा हॉल को सुरक्षित और अनुशासित रखने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई। छात्रों की सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी परिसर में पेयजल, चिकित्सा सहायता, और शांति पूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया गया था। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए एक विशेष हेल्पडेस्क भी स्थापित किया था। इन परीक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया था। इससे परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग रोकने में मदद मिली। इस नियम को सख्ती से लागू करने के लिए प्रवेश द्वार पर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की गई थी। यह कदम परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया था, जिससे छात्रों को अपनी क्षमता के आधार पर निष्पक्ष रूप से परीक्षा देने का मौका मिला। यूनिवर्सिटी के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी परीक्षा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन परीक्षाओं के सफल आयोजन से निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर ने एक बार फिर से अपने उच्च शैक्षिक और प्रशासनिक मानकों को साबित किया है।

सच बेधड़क

*16-07-2024*



सच बेधड़क

*02-07-2024*

निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# स्टूडेंट्स को ट्रॉफीज प्रदान करके किया सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

सत्र की शुरुआत के साथ ही निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विंग की डायरेक्टर पायल ने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्र की 12वीं उत्तीर्ण प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने सभी उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही वाइस चेयरमैन डॉ.आर. के अरोड़ा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा में प्रवेश सभी स्टूडेंट्स के लिए महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने से पूर्व स्टूडेंट्स को वहां की शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक गुणवत्ता की जांच करने के बाद ही एडमिशन लेना चाहिए। सभी



### कॅरिअर अवसरों की दी जानकारी

प्रो. रेणु नागर और प्रो. एन.डी. अहूजा ने सभी स्टूडेंट्स को आने वाले समय में विभिन्न कोर्सेज में कॅरिअर के अवसरों की जानकारी दी और स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। डायरेक्टर पायल, प्रो.प्रीति शर्मा, डॉ.आलोक सिंह और डॉ. विजय लक्ष्मी ने निर्वाण यूनिवर्सिटी में संचालित कोर्सेज और उपलब्धियों के बारे जानकारी दी। गौरतलब है कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह डायरेक्टर पायल के निर्देशन में आयोजित किया गया।

स्टूडेंट्स को ट्रॉफीज प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अमर उजाला

***02-07-2024***

# निर्वाण यूनिवर्सिटी ने 12वीं के मेधावियों को सम्मानित किया



नई दिल्ली (ब्यूरो)। जयपुर में आगरा मार्ग पर झर गांव स्थित निर्वाण यूनिवर्सिटी में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विवि के डायरेक्टर पायल बताया कि कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के 12वीं के मेधावियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. एसएन सिहाग ने विद्यार्थियों को बधाई दी। वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। प्रो. रेणु नागर और प्रो. एनडी जमूजा, डॉ. विजय लक्ष्मी ने विद्यार्थियों को कैरिअर विकल्पों और विवि में संचालित कोर्सेस की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो. प्रीति शर्मा, डॉ. आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

सच बेधड़क

***25-06-2024***

**बुक लॉन्च** | **प्रोफेसर नकुल जसूजा और आरके मोदी ने किया है संपादन**

# निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की दो बुक लॉन्च

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की दो महत्वपूर्ण बुकें हाल्ही में लॉन्च गई है। ये दोनों बुकें स्टूडेंट्स के लिए महत्वपूर्ण है। इन बुकों का संपादन प्रोफेसर नकुल जसूजा और प्रोफेसर आरके मोदी द्वारा किया गया है।

इन बुकों का विमोचन निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग, सीईओ और वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा द्वारा किया गया। लॉन्च पुस्तकों में "द एआई रिवोल्यूशन:इगनाइटिंग मल्टीडाईमेंशनल ग्रोथ" और "इंडियन इकॉनोमीः प्रॉब्लम्स, पोलिसिस एंड चेलेंजेस" शामिल हैं। डॉ. एसएल सिहाग ने बुकों के संपादकों और लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स समय समय पर बुकों का प्रकाशन करती है जो कि यूनिवर्सिटी के लिए गर्व का विषय है और इसके तहत अब तक कई बुकों का प्रकाशन हो चुका है। निर्वाण यूनिवर्सिटी अपने स्टाफ और शोधार्थियों को शोध और लेखन में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रकाशन की विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है। इससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को शोध और अध्ययन में लाभ मिल रहा है। इस तरह की गतिविधियों से शिक्षकों को स्टूडेंट्स को अपनी पुस्तक छपवाने का अच्छा अवसर मिल रहा है।



## एआई की जटिलताओं और प्रभावों पर मिलेगी जानकारी

प्रोफेसर नकुल जसूजा की पुस्तक "द एआई रिवोल्यूशन: इगनाइटिंग मल्टीडाईमेंशनल ग्रोथ" पुस्तक में विभिन्न क्षेत्रों में एआई का एक व्यापक अन्वेषण और परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में बताया गया है। इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को एआई की जटिलताओं और इसके संभावित प्रभावों के बारे में गहरी समझ प्रदान करना है। यह पुस्तक विशेष रूप से तकनीकी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, और शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। साथ ही जो एआई के भविष्य और इसके अनुप्रयोगों को समझना चाहते है। उनके लिए यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज का कार्य करेगी।

## दिखेगी भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी समझ

वहीं प्रो. आर.के. मोदी ने बताया कि "इंडियन इकॉनोमी: प्रॉब्लम्स, पोलिसिस एंड चेलेंजेस" पुस्तक भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह पुस्तक विशेष रूप से भारतीय आर्थिक परिदृश्य में मौजूद समस्याओं, नीतियों और चुनौतियों पर केंद्रित है। पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी समझ प्रदान करना है। यह विशेष रूप से छात्रों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी है।

सच बेधड़क

***23-06-2024***

# निर्वाण विश्वविद्यालय में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**बेधड़क** । जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में स्कूल ऑफ योगा की ओर से एनएसएस सेल के सहयोग से 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर चेयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग ने कहा कि इस दिन को पूरी दुनिया भारत को 'विश्व-गुरु' मानते हुए, 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाती है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही वाइस चेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम "योग स्वयं के लिए और समाज के लिए" है। इसीलिए निर्वाण विश्वविद्यालय में भी भारत सरकार और राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग, कल्याण और सामान्य योग प्रोटोकॉल (CYP) से संबंधित जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रदर्शित किए गए। योग के विभिन्न आसनों और प्रथाओं को प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों ने शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व को उजागर किया। इस आयोजन से विश्वविद्यालय में समुदाय के कल्याण, एकता, सामाजिक एकीकरण, समग्र स्वास्थ्य और सांस्कृतिक उत्सव की झलक दिखाई दी। योग दिवस के कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डीन स्कूल ऑफ योग तथा पवन सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा किया गया। यह उत्सव न केवल योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि इसमें सामूहिक रूप से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा भी दी गई।

सच बेधड़क

***21-06-2024***

विश्व रक्तदाता दिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित

# विद्यार्थियों और स्टाफ ने दिखाया उत्साह, 100 यूनिट से अधिक हुआ रक्तदान... सबने सराहा

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व रक्तदाता दिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर से सम्बद्ध एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज ने रजनीश अस्पताल और ब्लड बैंक सेंटर, जयपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह से रक्तदान किया।

शिविर में 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। ओएसडी डॉ. संजय खन्ना ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए तमाम रक्तदाताओं की सराहना की। उन्होंने रक्त की गंभीर कमी और जीवन बचाने में ऐसी पहल के महत्व पर जोर दिया।





## देश में 3 मिलियन यूनिट रक्त की कमी

प्रो. रेनू नागर ने कहा कि वर्तमान में भारत में तीन मिलियन यूनिट रक्त की कमी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि अगर अतिरिक्त दो प्रतिशत जनसंख्या रक्तदान करे तो इस कमी को पूरा किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहा है, जिसमें छात्र-छात्राएं और विश्वविद्यालय स्टाफ सक्रिय रूप से भाग लेता है। यह शिविर समुदाय सेवा और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने वाला साबित हुआ।

## रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञता जताई

एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज की प्राचार्य प्रो. रेनू नागर ने रक्तदाताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने छात्रों पर शिविर के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर से उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न होती है।

राजस्थान पत्रिका

***21-06-2024***

पत्रिका

# शिविर : 100 यूनिट रक्त एकत्र, रक्तदाताओं को किया सम्मानित

**जयपुर @ पत्रिका.** निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर से संबद्ध एस. एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज ने रजनीश अस्पताल और ब्लड बैंक सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर में 100 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया गया। डॉ. संजय खन्ना ने रक्त की कमी और जीवन बचाने में ऐसी पहलों के महत्व पर जोर दिया। प्राचार्य प्रो. रेनू नागर ने छात्रों पर शिविर के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित किया। शिविर ने आशा की किरण के रूप में कार्य किया। वर्तमान में



भारत में 3 मिलियन यूनिट रक्त की कमी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि अगर दो प्रतिशत जनसंख्या रक्तदान करें, तो इसे कम किया जा सकता है। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

राजस्थान पत्रिका

***29-05-2024***

# निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**जयपुर |** निर्वाण यूनिवर्सिटी में आई पी ग्लोबल मंजिल प्रोजेक्ट के सहयोग से मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि ने कहा कि निर्वाण यूनिवर्सिटी भी लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है तथा सभी को मुफ्त में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स भी करवा रही है। यूनिवर्सिटी के सीईओ एंड वाइस चेयरपर्सन डॉ. आर के अरोड़ा ने कहा कि आई पी ग्लोबल और निर्वाण यूनिवर्सिटी साथ मिलकर स्टूडेंट्स के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगे।

दैनिक भास्कर

***29-05-2024***

# निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव

**जयपुर.** निर्वाण यूनिवर्सिटी में आईपी ग्लोबल मंजिल प्रोजेक्ट के सहयोग से एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्वाण यूनिवर्सिटी के चैयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने बताया कि यूनिवर्सिटी लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है और सभी को मुफ्त में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स भी करवा रही है। यूनिवर्सिटी के सीईओ डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में जिन स्टूडेंट्स का जॉब प्लेसमेंट के लिए चयन हुआ उन सभी को आगे की तैयारी के लिए संसाधन उपलब्ध कराने में सहायता करेंगे। इस प्लेसमेंट ड्राइव में मंजिल प्रोजेक्ट के जिला प्रोग्राम मैनेजर रणवीर सिंह मौजूद थे।

सच बेधड़क

***28-05-2024***

# पद्मश्री डॉ. सुब्रोतो का निर्वाण विवि का दौरा




**बेधड़क** । जयपुर

निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर में पद्मश्री डॉ. सुब्रोतो दास, अध्यक्ष, लाइफलाइन फाउंडेशन, गुजरात ने एक दिन का दौरा किया।डॉ. सुब्रोतो दास ने निर्वाण युनिवर्सिटी के दौरे के दौरान चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग और सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा तथा निर्वाण यूनिवर्सिटी की सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट की निदेशक प्रोफसर प्रेरणा अरोड़ा सिंह से मिलकर यूनिवर्सिटी द्वारा उठाए जा रहे सराहनीय कदमों की प्रशंसा की।निर्वाण यूनिवर्सिटी परिवार की तरफ से डॉ. सुब्रोतो दास को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही प्रोफसर प्रेरणा अरोड़ा सिंह ने सड़क सुरक्षा केंद्र एवं निर्वाण यूनिवर्सिटी में चलाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमो एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है की पदमश्री डॉ. सुब्रोतो दास को सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट निर्वाण यूनिवर्सिटी के एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन भी नामित किया गया है।

सच बेधड़क

***25-05-2024***

**"परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ" अभियान**

# निर्वाण विवि के स्टूडेंट्स ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे




**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में शुक्रवार को भीषण गर्मी और धूप में पक्षियों के संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एनएसएस सेल द्वारा "परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ" अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पक्षी संरक्षण, जैव विविधता का महत्व और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि पर्यावरण संतुलन और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए परिसर में परिंडे बांधना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे बेजुबान पक्षियों को गर्मी से राहत मिलेगी। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह एक सरहनीय पहल है, इससे पर्यावरण के प्रति भी जागरूकता बढ़ेगी। निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर आगरा हाईवे पर अरावली कि पहाड़ियों के बीच स्थित हरा भरा आवासीय विश्वविद्यालय है जहां स्कूल ऑफ एग्रिकल्चर द्वारा नीम के पेड़ों की पूरी श्रृंखला लगाई हुई है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के छायादार पेड़ लगाए गए हैं।

राजस्थान पत्रिका

***19-05-2024***

बिज़नेस न्यूज़

# निर्वाण विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव

**जयपुर @ पत्रिका.** निर्वाण विश्वविद्यालय, जयपुर में आईसीआईसीआई बैंक और एनआईआईटी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव चलाई गई। इसमें बैंक के विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट के लिए एनआईआईटी की सीनियर मैनेजर आयुषी जॉय और टीम ने विवि. में बीएससी एग्रीकल्चर एएमबीए के फाइनल इयर स्टूडेंट्स के लिए यह प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। निर्वाण विवि. के चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने सभी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं। सीईओ एंड वाइसचेयरमैन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने अतिथियों का अभिनंदन किया। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक और एनआईआईटी के साथ मिलकर विवि. स्टूडेंट्स के लिए रोजगार के नवाचार स्थापित करेगा। इस अवसर पर जिन स्टूडेंट्स का जॉब प्लेसमेंट के लिए चयन हुआ उन सभी को आगे की तैयारी के लिए निर्वाण विवि. यथोचित संसाधनों से सहायता करेगा। गौरतलब है कि निर्वाण विवि. में विभिन्न रोजगारोमुखी कोर्सेज संचालित है। सभी कोर्सेज के साथ रोजगार के लिए कंप्यूटर स्किल्स, कम्यूनिकेशन स्किल्स और पर्सनलिटी डवलपमेंट की तैयारी भी करवाई जाती है।

सच बेधड़क

***18-05-2024***

स्टूडेंट्स में दिखाई दिया जोरदार उत्साह

# निर्वाण विवि में ICICI बैंक की प्लेसमेंट ड्राइव

**बेधड़क** | जयपुर



निर्वाण विश्वविद्यालय में आईसीआईसीआई बैंक और एनआईआईटी दिल्ली के सयुंक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव चलाई। इसमें आईसीआईसीआई बैंक के विभिन्न पदों के लिए एनआईआईटी की सीनियर मैनेजर मिस आयुषी जॉय और टीम ने विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर, एमबीए फाइनल इयर स्टूडेंट्स का चयन कर उन्हें ऑफर दिया। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक और एनआईआईटी के साथ मिलकर विश्वविद्यालय स्टूडेंट्स के लिए रोजगार के नवाचार स्थापित करेगा। इस अवसर पर जिन स्टूडेंट्स का जॉब प्लेसमेंट के लिए चयन हुआ, उन सभी को आगे की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय यथोचित संसाधनों से सहायता करेगा। गौरतलब है कि निर्वाण विश्वविद्यालय में विभिन्न रोजगारोन्मुखी कोर्सेज संचालित हैं। सभी कोर्सेज के साथ रोजगार के लिए कंप्यूटर स्किल, कम्यूनिकेशन स्किल और पर्सनेलिटी डेवलपमेंट की तैयारी भी करवाई जाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की आइक्यूएसी डाइरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. प्रवेश कुमार, एग्रीकल्चर डीन प्रो. विनोद शर्मा, प्रिंसिपल एग्रीकल्चर डॉ. दीपक शर्मा, डीन कॉमर्स एंड मेनेजमेंट प्रो. रविकांत मोदी, डॉ. विजय लक्ष्मी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सच बेधड़क

## *18-05-2024*



सच बेधड़क

*15-05-2024*

**नर्सेज दिवस** | **एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज, निर्वाण युनिवर्सिटी में कार्यक्रम**

# नर्सिंग पेशेवरों में दिखा समर्पण और सौहार्द का भाव

## ■ फ्रेशर पार्टी और रैंप वॉक कार्यक्रम भी हुए

**बेधड़क** | जयपुर

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 के अवसर पर एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज, निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम भी हुआ। प्रो. रेनू नागर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परंपरा और उत्सव का मिश्रण दिखाया गया। दीप प्रज्ज्वलन समारोह में निर्वाण युनिवर्सिटी के चेयरमेन डॉ. एस.एल. सिहाग के साथ सीईओ एंड वाइस चेयरमेन डॉ. आर.के. अरोड़ा, डॉ. संजय खन्ना, और डॉ. प्रशांत बेनीवाल सहित विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। डॉ. अरोड़ा ने नर्सिंग उत्कृष्टता और देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रतिज्ञा समारोह को संबोधित किया। इस दौरान स्टूडेंट गतिविधियों से कार्यक्रम आनंदमय हो गया। इसमें छात्रों ने रैंप वॉक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।




फ्रेशर पार्टी द्वारा नए छात्रों और संकाय सदस्यों को एक साथ लाया गया, जिससे संस्थान के भीतर सौहार्द और समुदाय की भावना को बढ़ावा मिला। एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज का अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का उत्सव न केवल इस महान पेशे के लिए एक श्रद्धांजलि थी, बल्कि इसके छात्रों और संकाय सदस्यों की भावना और समर्पण का एक प्रमाण भी था। यह आयोजन भविष्य के नर्सिंग पेशेवरों के पोषण के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



राजस्थान पत्रिका

*13-05-2024*

# नर्सेज दिवस पर फ्रेशर पार्टी



जयपुर @ **पत्रिका**. अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज, निर्वाण यूनिवर्सिटी में फ्रेशर पार्टी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विवि. के चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने दीप प्रज्वलन कर की। डॉ. आरके अरोड़ा ने नर्सेज छात्रों से मरीजों सेवाभाव के साथ देखभाल का आह्वान किया और प्रतिज्ञा समारोह को संबोधित किया। स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान प्रो. रेनू नागर, डॉ. संजय खन्ना, और डॉ. प्रशांत बेनीवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राजस्थान पत्रिका

***04-05-2024***



निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से प्रीति चौरसिया को 'एफीकेसी ऑफ बैक्टिरीयल कॉनसोरटीएम् इन बायोरेमेडीऐशन ऑफ टेक्सटाइल एफ्लुएंट ऑफ सांगानेर, जयपुर' विषय पर शोध के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने शोध कार्य डॉ. नकुलेश्वर दत जसुजा के निर्देशन में पूर्ण किया है।

दैनिक भास्कर

***03-05-2024***

निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से उषा शर्मा पीएचडी की उपाधि प्रदान की



गई। इन्हें यह उपाधि 'पूर्वी राजस्थान में एक नृवंश विज्ञान अध्ययन' विषय पर शोध के लिए दी गई। इन्होंने शोध कार्य डॉ. दीपक शर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया है।

दैनिक भास्कर

***02-05-2024***

निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से हेमंत माथुर को पीएचडी की उपाधि



प्रदान की गई। इन्हें यह उपाधि 'वितरित कंप्यूटिंग वातावरण में मैपरीड्यूस का उपयोग करके सेवा दक्षता और गोपनीयता आश्वासन फ्रेमवर्क' विषय पर शोध के लिए दी गई। इन्होंने शोध कार्य डॉक्टर रीमा अजमेरा के निर्देशन में पूरा किया है।

दैनिक भास्कर

*30-04-2024*

निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से अंकुर दत्त शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्हें यह



उपाधि 'मशीनिंग मैकेनिकल एवं माइक्रो स्ट्रक्चरल एनालिसिस ऑफ हाइब्रिड मेटल मैट्रिक्स कंपोजिट्स ऑफ अल्युमिनियम एआई 6063' विषय पर शोध के लिए दी गई। इन्होंने शोध कार्य डॉक्टर कुंजीलाल मीणा के निर्देशन में पूरा किया है।

सच बेधड़क

***26-04-2024***

## निर्वाण विश्वविद्यालय में आयोजन

# क्विज कॉम्पटिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि



**विश्व पुस्तक दिवस**

**बेधड़क । जयपुर**

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के अवसर पर क्विज कॉम्पटिशन का आयोजन किया गया। इस अवसर हैड लाइबरेरियन डॉ. रीना आनंद ने जानकारी दी कि केंद्रीय पुस्तकालय "ज्ञान धारा" द्वारा एक क्विज कॉम्पटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सभी संकायों के लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस क्विज कॉम्पटिशन में सामान्य विज्ञान और करेंट जीके और पुस्तकालय विज्ञान से संबन्धित 100 प्रश्नों की सूची रखी गई। क्विज कॉम्पटिशन के अंत में इसका परिणाम घोषित किया गया जिसमें संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर महक, विक्रांत यादव, कृष चौधरी रहे। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर दीपेश कुमार और आकांक्षा साहू रहे तथा तृतीय स्थान पर मोहित फुलवारिया और खुशी जांगिड़ रहे।विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस पर युनेस्को ने 23 अप्रैल 1995 से शुरू किया।

राजस्थान पत्रिका

*25-04-2024*

# क्विज कॉम्पिटिशन में शामिल हुए 80 छात्र



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण विश्वविद्यालय में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के मौके पर ज्ञान धारा की ओर से क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इसमें 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। लाइबरेरियन डॉ. रीना आनंद ने बताया की कॉम्पिटिशन में सामान्य विज्ञान और करेंट जीके और पुस्तकालय विज्ञान से संबन्धित 100 प्रश्नों की सूची रखी गयी। कॉम्पिटिशन के अंत में परिणाम घोषित किया गया।

दैनिक भास्कर

*10-04-2024*

# निर्वाण यूनिवर्सिटी और एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के बीच एमओयू



**जयपुर** | हाल ही निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर और एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के मध्य आने वाले समय में वर्कशॉप, सेमिनार, सिंपोसियम, कॉन्फ्रेंस और संयुक्त रूप से अकादमिक कोर्स संचालित होना तय हुआ है। इस अवसर पर निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग, वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा, कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल तथा एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. केडी शर्मा एवं डीन अकेडेमिक्स प्रो. राजेश यादव उपस्थित रहे।

राजस्थान पत्रिका

***07-04-2024***

निर्वाण यूनिवर्सिटी: ऑनलाइन वर्कशॉप सीरीज की शुरुआत

# सिखाए रिसर्च पेपर राइटिंग व फंडामेंटल्स के गुर

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी के आइक्यूसी विभाग की ओर से 'रिसर्च मेथोडोलोजी फंडामेंटल्स और डाटा कलेक्शन टेकनिक्स' विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप सीरीज की शुरुआत हुई। विभाग की डायरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित ने बताया कि फैकल्टी मैंबर्स, रिसर्च स्कोलर्स और रिसर्च की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए



यह वर्कशॉप सीरीज शुरू की गई है, जिसमें रिसोर्स पर्सन फैकल्टी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलोजी, ग्रेटर नोएडा के डॉ. जितेन्द्र कुमार थे। डॉ. कुमार ने रिसर्च मेथोडोलोजी के विभिन्न पक्षों पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रिसर्च और रिसर्च पेपर राइटिंग की बारीकियों से अवगत करवाया। वर्कशॉप में रिसर्च के फंडामेंटल्स, प्रकार, डाटा कलेक्शन तकनीकी, डाटा एनालिसिस की नवीन तकनीक, एसपीएसएस, एसएलआर प्रोसेस और इफेक्टिव पेपर राइटिंग के गुर सिखाए गए।

दैनिक भास्कर

***12-03-2024***

# एनएसएस कैंप संपन्न; लोगों को किया जागरूक




**जयपुर |** निर्वाण विश्वविद्यालय में एनएसएस सेल की ओर से 7 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग, सीईओ एंड वाईस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा एवं कुलपति प्रो.अरविंद कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। एनएसएस सेल के प्रभारी डॉ. विजय लक्ष्मी एवं डॉ. केसी सैनी ने बताया कि कैंप में सभी गोद लिए गए गांवों में वोटिंग अवेरनेस, स्वच्छता जागरूकता और स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। गांवों में कचरपात्रों में ही कचरा डालने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। लोक सभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार वोटिंग रजिस्ट्रेशन से लेकर वोट डालने तक कि प्रक्रिया के लिए जागरूकता रैली निकाली गई और ग्रामीणों को इस संदर्भ में जागरूक किया गया। कैंप में सभी वॉलंटीयर्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके साथ ही समापन दिवस पर एनएसएस कैंप के महत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में अवगत करवाया गया।

राजस्थान पत्रिका

*12-03-2024*

**P • कैम्पस एक्टिविटी**

# 'परिवार और समाज का नेतृत्व कर सकती है शिक्षित महिला'



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें झर और बांसखोह पंचायत की महिला सरपंचों को सम्मानित किया गया। सरपंच ममता मीणा ने कहा कि शिक्षा से आत्मविश्वास बढ़ता है और एक शिक्षित महिला समाज व परिवार का अच्छे से नेतृत्व कर सकती हैं। सरपंच सुमन शर्मा ने कहा कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने लगी हैं। इस दौरान यूनिवर्सिटी के चैयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग, सीईओ एंड वाइस चैयरमेन डॉ. आर.के. अरोड़ा, कुलपति प्रोफेसर अरविंद कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

सच बेधड़क

***10-03-2024***

**निर्वाण विश्वविद्यालय की ओर से** दो महिला सरपंचों को किया गया सम्मानित

# गांवों में अब सरपंच पति नहीं, खुद महिला सरपंच कर रही हैं निर्णय




**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में झर और बांसखोह पंचायत की महिला सरपंचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सरपंचों को पौधा देकर तथा शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया।

इसके बाद महिला सरपंचों ने मंच से अपने अनुभव भी शेयर किए। झर पंचायत की सरपंच ममता मीणा ने कहा कि शिक्षा द्वारा आत्मविश्वास बढ़ता है, एक शिक्षित महिला समाज और परिवार का अधिक अच्छे से नेतृत्व कर सकती है। बांसखोह सरपंच सुमन शर्मा ने कहा कि अब महिलाएं भी स्वयं अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने लगी हैं अब सरपंच पति जैसी परम्पराएं टूट रही हैं और महिला सरपंच स्वयं मीटिंग्स में जाती हैं, निर्णय लेती हैं।

इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि जब तक आधी आबादी की भागीदारी सभी क्षेत्रों में नहीं होगी तब तक देश और समाज की प्रगति संभव नहीं है।

स्थानीय निकायों में महिला आरक्षण के कारण बढ़ा महिला नेतृत्व एक सकारात्मक परिवर्तन है। सीईओ एंड वाइसचेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि स्थानीय निकायों में महिला नेतृत्व से जमीनी स्तर पर परिवर्तन आए हैं जो कि महिला सशक्तिकरण में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

## आज के दौर में पहले से सशक्त हैं महिलाएं

कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने महिला दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का परिचय देते हुए बताया कि कामगार महिलाओं और नारीवादियों द्वारा वोट के अधिकार की मांग के लिए शुरू हुए आंदोलन के परिणामस्वरूप महिला दिवस की नींव रखी गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजनैतिक नेतृत्व द्वारा महिलाओं में निर्णय क्षमता का विकास हुआ है, जिससे महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आ रहा है और महिला सरपंचों के रूप में वे नेतृत्व कर रही हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किये। एनएसएस प्रभारी डॉ. विजय लक्ष्मी और डॉ. केसी सैनी ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

सच बेधड़क

***06-03-2024***



सच बेधड़क

***06-03-2024***

निर्वाण यूनिवर्सिटी में लगाए एक हजार से अधिक बम्बू प्लांट

# कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीखे बम्बू प्लांटेशन के गुर

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण युनिवर्सिटी में विद्यार्थियों ने बम्बू प्लांट की खेती के गुर सीखे। साथ ही यूनिवर्सिटी परिसर में एक हजार से अधिक बम्बू प्लांट लगाए। निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में आर्टिजन एग्रो इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक एक्सपर्ट टॉक और लाईव डेमोन्स्ट्रेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आर्टिजन एग्रो इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक रामप्रसाद जोशी तथा बम्बू प्लांट एक्सपर्ट दयाराम खींची एक्सपर्ट के रूप में विद्यार्थियों से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी द्वारा देश में आर्थिक परिवर्तन एवं रोजगार कि संभावनाएं बढ़ेंगी। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय बांस मिशन परियोजना के अंतर्गत यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल के अनुसार बम्बू का उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों को रोजगार दे सकता है और साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार साबित होगा। रजिस्ट्रार प्रो. पीके राघव, जॉइंट रजिस्ट्रार प्रो. एनडी जसूजा, कृषि संकाय के डीन प्रो. विनोद शर्मा और न्यूटेक एंड आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित के निर्देशन में यह कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें कृषि संकाय के सभी विद्यार्थियों ने बम्बू प्लांट की खेती के गुर सीखे। प्रो.अपर्णा दीक्षित ने बताया कि निर्वाण युनिवर्सिटी में न्यूटेक केंद्र विशेष रूप से कौशल संवर्धन, प्रशिक्षण, प्लेसमेंट, स्टार्टअप्स और रोजगारोन्मुख कार्यशालाओं द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों में क्षमता विकास का कार्य करता है।





## सालाना 70 हजार टन ऑक्सीजन

आर्टिजन एग्रो इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यूनिवर्सिटी परिसर में 1000 बम्बू प्लांट लगाए गए जो सालाना 70 हजार टन ऑक्सीजन तथा 200 टन बायोमास देंगे। ये पेड़ पर्यावरण को बचाने में सहायक भी साबित होंगे। इस कार्यक्रम में एक्सपर्ट रामप्रसाद जोशी ने बताया कि देश की आर्थिक मजबूती में बम्बू प्लांट बहुत मदद कर सकता है। अब भारत में किसानों की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं को बम्बू प्लांट के कारोबार से जोड़ा जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ देश के युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके।

सच बेधड़क

*04-03-2024*

निर्वाण विवि में 'मेरा पहला वोट देश के लिए' गतिविधि 6 मार्च तक

# फर्स्ट टाइम वोटर को जागरूक करना जरूरी: एस. एल. सिहाग

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में NSS के बैनर तले भारत सरकार तथा युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा निर्देशित अभियान 'मेरा पहला वोट देश के लिए' आयोजित की जा रही है। सरकार ने युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 28 फरवरी से 6 मार्च तक 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान आयोजित करने के लिए सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है।

इस अभियान के तहत निर्वाण विश्वविद्यालय में एनएसएस सेल द्वारा विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता से संबंधित फिल्म और वीडियो क्लिप्स दिखाई गई और विद्यार्थियों को मतदान रजिस्ट्रेशन और जागरूक मतदाता के लिए लैक्चर सीरीज का आयोजन किया गया तथा शपथ दिलाई गई। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग के अनुसार मतदान सभी भारतीय नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जो युवा प्रथम बार मतदान करने वाले हैं, उन्हें इस बारे में जागरूक करना आवश्यक है।



## लोकतांत्रिक देश में मतदान महत्वपूर्ण: अरोड़ा

सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने कहा कि मतदान एक लोकतांत्रिक देश कि महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसकी लोकतंत्र के निर्माण और क्रियान्वयन में मुख्य भूमिका है और मतदान सभी नागरिकों का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। इसके लिए एनएसएस सेल निर्वाण विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार निर्देशित अभियान के तहत इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन एक प्रशंसनीय पहल है। कुलपति प्रो.अरविंद कुमार अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को लोकतंत्र और मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यार्थियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में अपना नाम रजिस्टर करवाना अनिवार्य है, ताकि एक सशक्त लोकतन्त्र का क्रियान्वयन हो सके इसके लिए यह गतिविधि अहम है।

## इनका रहा योगदान

निर्वाण विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. विजय लक्ष्मी और डॉ. के. सी. सैनी की देखरेख में यह गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. विजय लक्ष्मी और डॉ. के. सी. सैनी ने जानकारी दी कि इस गतिविधि के पीछे भारत सरकार का मानस नव युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में रजिस्ट्रेशन, मतदान के अधिकार और इससे संबंधित प्रकिया के बारे में सजक और जागरूक करना है।

सच बेधड़क

*02-03-2024*

# छात्रों ने सहेजा विज्ञान का ज्ञान



**जयपुर।** निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय 'ज्ञान धारा' की ओर से विज्ञान पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग, सीईओ एंड वाईस चेयरमेन डॉ. आर के अरोड़ा एवं कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने इस प्रदर्शनी के लिए पुस्तकालय विभाग की प्रशंसा की। सभी संकायों के डीन, हैड और शिक्षकों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। निर्वाण विश्वविद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रीना आनंद ने जानकारी दी की राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में विज्ञान की पुस्तकें और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान के विभिन्न मॉडल सभी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र थी।

दैनिक भास्कर

*28-02-2024*

# निर्वाण यूनिवर्सिटी; पुस्तक विमोचन समारोह हुआ

जयपुर | निर्वाण यूनिवर्सिटी के विवेकानंद सेमिनार हॉल में निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग, सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ.आर.के.अरोड़ा एवं कुलपति प्रो.अरविंद कुमार अग्रवाल ने 'रिसेंट ट्रेंड्स इन रिसर्च' और 'एमर्जिंग ट्रेंड्स इन एनवायरनमेंटल प्रिसर्वेशन' नामक पुस्तकों का विमोचन किया। डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि निर्वाण यूनिवर्सिटी में 'निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स' प्राम्भ किया गया है, जिसके तहत दो पुस्तकें भी संपादित की गई है और जल्दी ही दो जर्नल भी पब्लिश किए जाएंगे।



राजस्थान पत्रिका

*28-02-2024*

**निर्वाण** यूनिवर्सिटी में दो पुस्तकों को विमोचन

# पब्लिकेशंस से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को मिलेगा फायदा



पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

**जयपुर.** निर्वाण यूनिवर्सिटी के विवेकानंद सेमिनार हॉल में मंगलवार को निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की ओर से दो पुस्तकों का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग, सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर.के. अरोड़ा एवं कुलपति प्रोफेसर अरविंद कुमार अग्रवाल ने रिसेंट ट्रेंड्स इन रिसर्च और एमर्जिंग ट्रेंड्स इन एनवायरनमेंटल प्रिसर्वेशन नामक पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान डॉ. अरोड़ा ने कहा कि हाल ही में निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की शुरुआत की गई है, जिसके तहत दो पुस्तकें भी संपादित की गई है। जल्दी ही दो जर्नल भी पब्लिश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पब्लिकेशन्स लगातार पुस्तकें और जर्नल्स जारी करेगा, जिससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को शोध और अध्ययन में लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में एन. डी. जसूजा, डॉ. सपना नेहरा आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

**17-02-2024**

# सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी सम्मानित



**जयपुर** | शहर में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से बुधवार को सड़क सुरक्षा माह का समापन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सड़क सुरक्षा के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी को सम्मानित किया। गौरतलब है कि निर्वाण यूनिवर्सिटी ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दो दिवसीय युवा प्रवर्धन के लिए छात्र संवर्धित प्रशिक्षण कार्यशाला "सत्यम" का आयोजन किया था। इस दौरान यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ.एस.एल.सिहाग ने कहा कि यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है।

सच बेधड़क

**17-02-2024**

अचीवमेंट | उपमुख्यमंत्री बैरवा ने किया सम्मान

# रोड सेफ्टी पहल के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी पुरस्कृत

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह के समापन एवं सम्मान समारोह में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया।

गौरतलब है कि निर्वाण विश्वविद्यालय में गत दिनों सड़क सुरक्षा माह में सराहनीय प्रयास किए गए। इसके अंतर्गत दो दिवसीय युवा प्रवर्धन के लिए छात्र संवर्धित प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' का आयोजन किया गया एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की गई। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग डॉ. श्रेया गुहा, एडीजीपी यातायात विभाग डॉ. हवा सिंह घुमरिया व प्रबंध निदेशक राजस्थान रोडवेज नथमल डीडेल की उपस्थिति में यह समारोह सम्पन्न हुआ। निर्वाण विश्वविद्यालय चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है। निर्वाण विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर में नवस्थापित सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए समाज और युवाओं में जागरूकता का प्रयास किया जाएगा।

भारत में सड़क दुर्घटनाओं के कारण बढ़ती मृत्युदर एक चिंतनीय विषय है। परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाओं द्वारा समाज में क्षमता संवर्धन होगा। विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमेन एंड सीईओ डॉ. आर के अरोड़ा ने कहा कि निर्वाण विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है और आए दिन राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। इस प्रकार की कार्यशालाओं द्वारा युवाओं में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रकार के सम्मान समारोह से शैक्षणिक संस्थाओं को सामाजिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।



## विद्यार्थियों को मिली आपदा राहत ट्रेनिंग

निर्वाण विश्वविद्यालय एसडीआरएफ ने एसएन इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज में पहल करते हुए 200 विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा और आपदा सहायता कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में इन विद्यार्थियों को CPR, गैस सिलेंडर आग प्रबंधन, बाढ़ में बचाव, और भूकंप प्रतिक्रिया आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही आवश्यक कौशल स्थापित करके एवं सक्रिय मानसिकता को बढ़ावा देकर, इस पहल से विद्यार्थियों की ज्ञान में वृद्धि हुई और भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच सामुदायिक सहानुभूति के प्रति प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा दिया गया। एसएन इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज की प्राचार्या प्रो. रेणु नागर ने बताया कि कार्यक्रम अवनीश शर्मा (आरपीएस) कमांडेंट की निर्देशन में एवं उप एसपी रामधन और टीम कमांडर राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के लिए क्षमता संवर्धन का कार्य करेगा।

राजस्थान पत्रिका

**09-02-2024**

पत्रिका

दो दिवसीय कार्यशाला

# स्टूडेंट्स को 'सत्यम' में दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' का आयोजन किया गया। चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने बताया कि कार्यशाला यूनिवर्सिटी के सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र, परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई है। उद्घाटन विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल.एन. पांडे ने किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी। कार्यशाला सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट की निदेशक डॉ. प्रेरणा अरोड़ा के निर्देशन में हो रही है। इस दौरान कुलपति प्रो. अरविंद, रजिस्ट्रार प्रो. पी.के. राघव आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

**09-02-2024**

बिजनेस प्लस

# सड़क सुरक्षा प्रबंधन, बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन



**जयपुर |** निर्वाण विश्वविद्यालय में गुरुवार को सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन संयुक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह और डॉ. एल. एन. पांडे परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल) राजस्थान के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने किया। गौरतलब है कि निर्वाण विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय कार्यशाला च्सत्यमत्र के समापन समारोह से पूर्व इस सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन किया। डॉ. प्रेरणा अरोड़ा सिंह- निदेशक, सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट के निर्देशन में यह कार्यशाला हुई। इस दौरान संयुक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के बारे जानकारी दी। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली एवं परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में यह केंद्र स्थापित किया जा रहा है जो आने वाले समय में सभी के लिए कारगर सिद्ध होगा।

सच बेधड़क

**09-02-2024**

## निर्वाण विवि जयपुर में खुला सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र

# सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक: निधि सिंह

### वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग डॉ.पांडे भी समारोह में रहे मौजूद







**बेधड़क** । जयपुर

संयुक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल) डॉ.एल.एन. पांडे ने गुरुवार को यहां निर्वाण विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया।

उल्लेखनीय है कि निर्वाण विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला 'सत्यम' के समापन समारोह से पूर्व सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र का शुभारंभ किया गया।

निदेशक, सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट डॉ. प्रेरणा अरोड़ा सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला (सत्यम) आयोजित की गई। समापन समारोह में संयुक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह ने कहा कि भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय है। उन्होंने इनके आंकड़ों पर गौर करने और इन्हें गंभीरता से लेकर हादसों पर कंट्रोल करने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ.एल.एन. पांडे ने सेमेरिटन कानून और जीवन रक्षा योजना के बारे में जानकारी दी।

### केंद्र सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा: सिहाग

निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग ने इस अवसर पर कहा कि डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली एवं परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में यह केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो आने वाले समय में सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ.आर.के. अरोड़ा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में इस केंद्र की स्थापना से सड़क सुरक्षा के प्रति सामुदायिक जागरूकता और समझ बढ़ेगी। कुलपति प्रो.अरविंद कुमार अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य और आपातकालीन देखभाल में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल) द्वारा आयोजित कार्यशाला एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र के उद्घाटन को नवीन सामुदायिक नवाचार बताया।

### एम्स के प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

कार्यशाला के अंत में एम्स से आए हुए सभी प्रशिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला के प्रमाण पत्र दिए गए। रजिस्ट्रार प्रो. पी.के. राघव ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल), सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट एवं एम्स से आए हुए अतिथियों और टीम मेंबर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करवाने की प्रतिबद्धता जताई।

दैनिक भास्कर

**08-02-2024**

# सड़क सुरक्षा पर 'सत्यम' कार्यशाला आयोजित



जयपुर | निर्माण विश्वविद्यालय में 7-8 फरवरी को सड़क सुरक्षा, बुनियादी जीवन समर्थन और सीपीआर पर युवा प्रवर्धन के लिए छात्र संवर्धित प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यशाला सडक सुरक्षा प्रबंधन केंद्र, डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली एवं परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल), के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलएन पांडे ने प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली से प्रशिक्षकों की एक टीम भी उपस्थित है। डॉ. प्रेरणा अरोड़ा सिंह-निदेशक, सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट के निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ.एस.एल.सिहाग ने कहा कि प्रशिक्षकों के इस प्रशिक्षण से अधिकतम युवाओं को लाभ होगा क्योंकि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में छात्र भी भाग ले रहे हैं।

सच बेधड़क

**08-02-2024**



# 'सत्यम' में दिया सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय सड़क सुरक्षा, बुनियादी जीवन समर्थन और CPR पर छात्र संवर्धित प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' बुधवार को शुरू हुई। यह दो दिवसीय कार्यशाला विश्वविद्यालय के सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र, WHO सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली एवं परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल), राजस्थान के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलएन पांडे ने प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया व सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली से प्रशिक्षकों की एक टीम भी उपस्थित है।

निदेशक, सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट डॉ. प्रेरणा अरोड़ा सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि प्रशिक्षकों के इस प्रशिक्षण से अधिकतम युवाओं को लाभ मिलेगा क्योंकि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में छात्र भी भाग ले रहे हैं। सीईओ एंड वाइस चेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा ने बताया कि निर्वाण विश्वविद्यालय में संचालित सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र द्वारा आयोजित यह कार्यशाला सभी के लिए लाभदायक साबित होगी।

कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने इस कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यशाला सामुदायिक स्वास्थ्य और आपातकालीन देखभाल के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। रजिस्ट्रार प्रो. पीके राघव ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं एक जागरूक और उत्तरदायी युवा समुदाय के निर्माण में सहयोग करती हैं। साथ ही रजिस्ट्रार प्रो. राघव ने सभी सदस्यों तथा आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

**30-01-2024**

वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर हुआ एमओयू

# छात्र-छात्राओं को मिलेंगे प्लेसमेंट के नए अवसर



**जयपुर @ पत्रिका.** निर्वाण यूनिवर्सिटी, जयपुर का तीन स्टार्टअप से वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर सोमवार को एमओयू हुआ। विवि. के इंक्यूबेशन सेंटर निर्वाण यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी एंड एजुकेशन सेंटर और जीवन मशरूम ओपीसी प्रा. लि., अमेश्वर डेयरी एंड बेवेरेजेस प्रा. लि. तथा आरटीजेन एग्रो इंडिया प्रा. लि. के बीच रजिस्ट्रार प्रो.पी.के.राघव एवं डायरेक्टर ऑफ न्यूटेक प्रो.अपर्णा दीक्षित के निर्देशन में एमओयू हुआ। सीईओ डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि इस एमओयू से विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए नए अवसर मिलेंगे। कुलपति प्रो. अरविंद अग्रवाल, प्रो.एन.डी. जसूजा, पायल लाल, डॉ. आलोक सिंह और डॉ. विजय लक्ष्मी उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका

**15-01-2024**

विवेकानंद जयंती पर 27वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव

# स्वामी विवेकानंद के विचार युवा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण




**जयपुर@पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 27वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नासिक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशन में आयोजित 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उदघाटन समारोह के लाइव प्रसारण को शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रसारित किया गया। एनएसएस की टीम और एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज, निर्वाण यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद के जीवन पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने स्टूडेंट्स से कहा कि स्वामी विवेकानंद दुनियाभर के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। विवेकानंद ने भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति को शिकागो में आयोजित धर्म संसद में एक नई पहचान दिलाई। वर्तमान स्थिति में उनके विचार आज की युवा पीढ़ी के लिए और भी अधिक प्रासंगिक और अहम हैं।

राजस्थान पत्रिका

**15-01-2024**

# ताइक्वांडो में अर्जुन ने जीता कांस्य

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** किशनगढ़ के अर्जुन सोनी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में अजमेर को मैडल जिताया। कोच राकेश बांगड़ा ने बताया कि छोटे से गांव भदूण से आने वाले अर्जुन सोनी ने पिछले साल भी भाग लिया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बार अपने अथक परिश्रम और नियमित तैयारी के दम पर सफलता प्राप्त कर अजमेर को गौरवान्वित किया है। अर्जुन ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी



चैंपियनशिप में प्रथम तीन स्थान के विजेताओं में शामिल अर्जुन सोनी।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप के 68 किग्रा भार वर्ग में अजमेर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता।

# पहलवान कृष्णा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** किशनगढ़ शहर स्थित काचरिया पीठ व्यायाम शाला की महिला पहलवान कृष्णा शेखावत का शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जूडो के नेशनल कैंप करणपुर में क्वालीफाई होने के बाद 63 किलोग्राम भार वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। कृष्णा शेखावत 15 से 18 जनवरी में श्रीगंगानगर में होने जा रही राष्ट्रीय सीनियर जूडो चैंपियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।

दैनिक भास्कर

**15-01-2024**

# किशनगढ़ के अर्जुन सोनी ने ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक

## झुंझुनू में हुई प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी लेवल पर पदक जीतने वाला अजमेर जिले का पहला खिलाड़ी

भास्कर न्यूज | मदनगंज-किशनगढ़

झुंझुनू में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में किशनगढ़ के अर्जुन सोनी ने कांस्य पदक जीता है। खास बात यह है कि यूनिवर्सिटी स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो में जीतने वाला अर्जुन अजमेर जिले का पहला खिलाड़ी है।



अर्जुन सोनी।

हालांकि अर्जुन ने जयपुर की निर्वाण यूनिवर्सिटी से चुनाव लड़ा था, लेकिन किशनगढ़ की एकेडमी से ही तैयारी की। सोनी इससे पहले दो बार असफल रहे। तीसरी बार बेहतर प्रदर्शन कर सोनी ने अजमेर को पदक दिलाया है।

### 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया भाग

कोच राकेश बागड़ा ने बताया कि ग्राम भदूण हाल चमड़ाघर निवासी अर्जुन सोनी (19) पुत्र कन्हैयालाल ने 9 से 13 जनवरी को झुंझुनूं में आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया था। प्रतियोगिता में 400 से ज्यादा खिलाड़ी देशभर की यूनिवर्सिटी से आए थे। 68 किलो भारवर्ग में अर्जुन ने हरियाणा के टॉप खिलाड़ी अमर राध्यान से फाइट की और हार गए। अर्जुन सात साल से लगातार अभ्यास कर रहा है। चार बार नेशनल लेवल पर अर्जुन गोल्ड जीत चुका है। अर्जुन की छोटी बहन 16 वर्षीय रीना सोनी भी ताइक्वांडो की खिलाड़ी है।

दैनिक भास्कर

# 27-12-2023



समाचार जगत

**29-12-2023**

# वेबिनार में उद्यमिता, वित्त और रोजगार पर चर्चा

**जयपुर।** निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में क्वालिटी एन्हेन्सेमेंट अनलेयशिंग द एन्ट्रेप्रेनेयोरियल पोटैन्शियल फॉर द पर्सनल फिननंसेश विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्य रूप से उद्यमिता, वित्त और रोजगार के बारे में चर्चा की गयी। इस अवसर पर डॉ. रवि कान्त मोदी डीनएकॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने जानकारी दी कि वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. शरन कुमार शेट्टी डिप्टी वाइस चान्सलरएतक्षिला यूनिवर्सिटी एसाउथ अफ्रीका रहे।

दैनिक भास्कर

**26-12-2023**

दैनिक भास्कर

# जयपुर 26-12-2023

दैनिक भास्कर

बिजनेस प्लस

## बॉक्सिंग; निर्वाण यूनिवर्सिटी से खिलाड़ी चंडीगढ़ रवाना



जयपुर | चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 25 से 30 दिसंबर तक ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयी बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर से दो दल रवाना हुआ। इस अवसर पर निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग व वाइस चेयरपर्सन एंड सीईओ डॉ. आरके अरोड़ा एवं कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने सभी प्रतियोगी छात्रों को जीत की अग्रीम शुभकामनाएं दी।

राजस्थान पत्रिका

**23-11-2023**

p • कैम्पस हलचल

# निर्वाण यूनिवर्सिटी में 'राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह' की शुरुआत



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी, जयपुर में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह की शुरुआत यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ.एस.एल.सिहाग, सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ.आर.के.अरोड़ा और कुलपति प्रो. अरविंद कुमांर अग्रवाल ने की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के सभी विद्यार्थी और स्टाफ मौजूद रहे। हैड लाइब्रेरियन डॉ. रीना आनंद ने बताया कि यह सप्ताह प्रतिवर्ष पुस्तकों और पुस्तकालय के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका

**09-09-2023**

# राजस्थान विजन 2030 की कल्पना मंच से की साझा

# भाषण में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा



जयपुर @ पत्रिका प्लस. निर्वाण यूनिवर्सिटी, जयपुर में राजस्थान मिशन 2030 के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठ राजस्थान की झलक अपने भाषणों में दी। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. एस. एल. सिहाग ने बताया कि ऐसे आयोजनों से ज्ञान और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं। यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ.आर.के.अरोड़ा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विभिन्न संकायों के शिक्षकों ने भी अनुभव साझा किए।

राजस्थान पत्रिका

**26-08-2023**

# सीयूईटी से प्रवेश, स्टूडेंट्स को मिलेगी स्कॉलरशिप

जयपुर @ पत्रिका प्लस. हाल ही में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से सीयूईटी यूजी 2023 का परिणाम जारी हुआ है। निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने बताया कि यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के लिए पीजी, यूजी एवं डिप्लोमा कोर्स सहित कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश पाने वाले छात्रों को 25 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यूनिवर्सिटी के कोर्सेज में एडमिशन के लिए सीयूईटी से विद्यार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं।

नियमित ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कार्स के लिए देशभर से 99,875 (यूजी) आवेदन प्राप्त हुए है। स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से स्टूडेंट्स के लिए स्पेशल योगा सेशन भी आयोजित किए जाते हैं।

दैनिक भास्कर

**25-08-2023**

दैनिक भास्कर जयपुर 25-08-2023

## निर्वाण विवि; सभी कोर्सेज में सीयूइटी- 2023 से प्रवेश

जयपुर | राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ओर से सीयूईटी यूजी 2023 का परिणाम जारी हुआ। निर्वाण विश्वविद्यालय में विभिन्न पीजी, यूजी एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों में स्टूडेंट्स का रुझान देखने को मिला है। निर्वाण को सीयूइटी के बाद नियमित ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों में देशभर से यूजी के लिए 99,875 तथा PG के लिए 17,3887 आवेदन आए हैं। विवि के कोर्सेज में एडमिशन के लिए सीयूइटी से विद्यार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। सीयूइटी का रिजल्ट आने के बाद प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चेयरमैन डॉ. एस एल सिहाग ने बताया कि निर्वाण विश्विद्यालय जयपुर में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश पाने वाले छात्रों को विश्विद्यालय द्वारा 25% छात्रवृत्ति मिलेगी।

दैनिक भास्कर

**15-07-2023**

दैनिक भास्कर

जयपुर 27-07-2023

# ‘चिकित्सा विज्ञान में प्रोफेशनल संवाद’ पर हुई कार्यशाला



**जयपुर |** ओईटी ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से निर्वाण विश्वविद्यालय ने शहर में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला ‘चिकित्सा विज्ञान में प्रोफेशनल संवाद’ का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. वीएम कटोच, चेयर, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जोगेंद्र शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट, इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. एसएल. सिहाग ने की। कार्यक्रम में 150 से अधिक नर्सिंग महाविद्यालय के प्रिंसिपल व प्रमोटर्स ने भाग लिया तथा इसकी उपयोगिता को समझा व सराहा। प्रतिष्ठित पैनलिस्ट डॉ. उषा खुराना, डॉ. किरण कटोच एवं मिस्टर आशीष, साउथ एशिया हेड, ओ.ई.टी, टॉम किनसे, एशिया पेसिफिक क्षेत्रीय निदेशक, ओईटी और धीरज सक्सेना, हेड एनाटॉमी एसएमएस ने भी इस कार्यशाला में अपने विचार रखें।

दैनिक भास्कर

**15-07-2023**

epaper.patrika.com

## एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

# स्टूडेंट्स को दी आपदा प्रबंधन व प्राथमिक उपचार की जानकारी



**जयपुर@पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी में एस एन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस एवं स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में वर्कशॉप का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर नर्सिंग स्टूडेंट्स को एसडीआरएफ टीम ने प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। आपदा प्रबंधन टीम की ओर से एक दिवसीय प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग, वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा, कुलपति प्रो. अरविंद अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार प्रो. प्रशांत बेनीवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

नर्सिंग विभाग के डीन डॉ. नेमीचंद जाट व प्रधानाचार्या डॉ. रेनू नागर ने वर्कशॉप के लिए एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर खजान सिंह एवं टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

**27-04-2023**

epaper.patrika.com

## 'ओईटी ग्लोबल फ्लैगशिप' कार्यक्रम

# 'स्वास्थ्य में गुणवत्ता के लिए आयुर्वेद व योग पर विशेष ध्यान'



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** केरल में 'ओईटी ग्लोबल फ्लैगशिप' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें ऑस्ट्रेलिया एवं यूके के ओईटी संगठन के साथ दक्षिण एशियाई देशों के डायरेक्टर भी शामिल हुए। कार्यक्रम में राजस्थान से निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग की-नोट स्पीकर के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए, आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी और एलोपैथी जैसी कार्य प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वाइस चेयरपर्सन डॉ. आरके अरोड़ा ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# राजस्थान पत्रिका

## 09-04-2023

epaper.patrika.com

## 'टीचर सपोर्ट प्रोग्राम-लिंग्वास्किल' पर कार्यशाला

# 'स्टूडेंट्स को मिलेगा वैश्विक मंच'



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के साथ एक 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए।

यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने कहा कि इससे विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को लाभ मिलेगा। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अरविन्द कुमार अग्रवाल ने कहा कि ये एमओयू छात्रों की प्रतिभा को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की ओर से युनिवर्सिटी में 'टीचर सपोर्ट प्रोग्राम-लिंग्वास्किल' विषय पर कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की प्रतिनिधि मीरा सिंह ने अध्यापकों को अध्ययन और अंग्रेजी भाषा शिक्षण के विभिन्न नवीन कौशलों से अवगत कराया।

राजस्थान पत्रिका

**24-03-2023**

...क्योंकि दिल के पास है वो, कुछ खास है जो...

**बिटिया @वर्क**

पिता के ऑफिस में आत्म विश्वास बढ़ाती बेटियों के चेहरे की **खास चमक**

## बेटियों ने समझा पैरेंट्स के ऑफिस का वर्क

*पत्रिका की ओर से चलाए गए अभियान से प्रेरित होकर कई शिक्षण संस्थानों ने अपने संस्थान बंद रखे ताकि बिटिया अपने पिता के कार्यालय जाकर उनके काम करने के तरीके को देख सकें।*



- नाम : **दामोदर गुर्जर**

**चेयरमैन, देव ग्रुप ऑफ कॉलेज**

*ऐसे अभियान से बेटियों को समाज में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। हमने इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए बेटियों का संस्थान में अवकाश रखा था। पत्रिका के इस तरह के अभियान में हम हमेशा साथ हैं।*

- नाम : **डॉ एस.एल. सिहाग**

**चेयरपर्सन, निर्वाण यूनिवर्सिटी**

*हमारे संस्थान की छात्राओं के लिए ये नया अनुभव था। उन्होंने अपने पिता के साथ उनके ऑफिस और वर्क प्लेस पर जाकर काम सीखा। छात्राओं में उत्साह देखने को मिला।*





- ऑफिस : **मित्तल कॉमर्स क्लासेस**
- बिटिया का नाम : **तरुणिमा गुप्ता**
- पिता का नाम : **सीए मनोज गुप्ता**

*पापा के ऑफिस में गई तो पता लगा कि सीए की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को किस तरह से पढ़ाया जा रहा है, उसे देखकर अच्छा लगा।* **– तरुणिमा**

- ऑफिस : **यूरो वर्ल्ड स्कूल**
- बिटिया का नाम : **अनुष्का पाठक**
- माता का नाम : **जागृति पाठक**

*मम्मी के साथ उनके स्कूल में गई। वहां पर मम्मी ने मुझे उनका कार्य बताया कि वो किस प्रकार से कार्य करती हैं।*

**–अनुष्का पाठक**





- ऑफिस : **अरिहंत आर्ट्स**
- बिटिया का नाम : **रिया जैन**
- पिता का नाम : **सुरेश जैन**

*मैं पापा के ऑफिस गई और उनके काम की बारीकियों को ठीक से समझा। पापा ने अपने बिजनेस के बारे में भी मुझे विस्तार से बताया।*

**- रिया जैन**

राजस्थान पत्रिका

**24-03-2023**

epaper.patrika.com

# कानून की समझ के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण आवश्यक

**पत्रिका plus रिपोर्टर**

जयपुर. विधि के विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक नियमों का ज्ञान भी अनिवार्य है। कोर्ट की कार्रवाइ को तब तक नहीं समझ सकते जब तक प्रत्यक्ष रूप से इसे होता हुआ देख नहीं लेते।

इसी उद्देश्य से डॉ विजया लक्ष्मी के निर्देशन में एस एन कॉलेज ऑफ लॉ, निर्वाण यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय जयपुर में न्यायिक कार्रवाई को देखा। विद्यार्थियों ने सिविल न्यायाधीश सुरेश कुमार की अदालत में हैं चल रही है बहस प्रक्रिया का अवलोकन किया। न्यायिक अधिकारी ने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में बेअर एक्ट को गहराई से पढ़ने और समझने का मंत्र दिया। यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. आरपी वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को कोर्ट , पुलिस स्टेशन, चेंबर विजिट्स और मूट कोर्ट के जरिए प्रैक्टिकल नॉलेज मिलती हैं।

राजस्थान पत्रिका

**13-03-2023**

बेटियों के लिए परिवहन सुविधा और फोटो मंगवाई

# बेटियों में उत्साह, स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी भी कर रहे जागरूक

राजस्थान पत्रिका | पत्रिका

**बिटिया @वर्क**

## शैक्षणिक संस्थान बिटिया@वर्क को कर रहे प्रमोट

पत्रिका plus रिपोर्टर

**जयपुर.** राजस्थान पत्रिका के संस्थापक कर्पूर चन्द्र कुलिश की जयंती पर 20 मार्च को 'बिटिया इन ऑफिस' का आयोजन होने जा रहा है। जयपुर के शैक्षणिक संस्थान बढ़ चढ़ कर अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इसके लिए स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी ने 20 मार्च को छात्राओं का अवकाश भी घोषित किया है।

संस्थान पत्रिका की बिटिया इन ऑफिस की मुहिम को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। शैक्षणिक संस्थानों की ओर से छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। इस दिन बेटियां माता-पिता के काम को समझेंगी और आगे बढ़ने का मौका भी तलाशेंगी। शैक्षणिक संस्थानों की ओर से भी बेटियों की फोटो मांगी गई हैं। संस्थान इन फोटोज को अपने वेबसाइट और वार्षिक पुस्तिका में पब्लिश करेंगे।

### कई संस्थानों ने किया अवकाश



पत्रिका का अभियान बेटियों की समाज में भूमिकाओं के सुदृढ़ीकरण के पक्ष में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान ने छात्राओं का अवकाश रखा है। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हम पत्रिका के साथ हैं। **डॉ. दामोदर गुर्जर,** चेयरमैन, देव ग्रुप ऑफ कॉलेज



अभियान में बेटियों को शामिल कराने के लिए हमने 20 मार्च का अवकाश रखा है। हमने कहा कि है कि बेटियां अपने पिता या परिवारजनों के साथ फैमली बिजनेस और नौकरी को समझें। हमें फोटो भेजें, जिन्हें हम वेबसाइट पर लगाएंगे। **अशोक वैद्य,** प्रिंसिपल एमपीएस



बेटियों को आगे बढ़ाने में यह पहल समाज को नई दिशा देगी। यूनिवर्सिटी भी इसमें शामिल हुई है। हमने 20 मार्च का अवकाश घोषित किया है। हमने बेटियों के लिए बसों की व्यवस्था भी है। वे आसानी से पिता के दफ्तर जाकर कामकाज जान सकती हैं। **डॉ. एसएल सिहाग,** चेयरपर्सन, निर्वाण यूनिवर्सिटी



महिला होने के नाते मैं इस अभियान का पूर्ण समर्थन करती हूं। छात्राओं की 20 मार्च को छुट्टी रखी है। हम दो दिन से स्कूल में अभियान को प्रमोट कर रहे हैं। **हेमलता शर्मा,** ऑक्सफोर्ड आईपीएस स्कूल



अवकाश के अलावा छात्राओं की फोटो स्कूल की वार्षिक पुस्तिका में भी प्रकाशित करेंगे। बेटियों में भी उत्साह है। **भूपराम शर्मा,** डायरेक्टर, हरदेव शिक्षानिकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल



राजस्थान पत्रिका

**02-03-2023**

epaper.patrika.com

‘राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा जागरूकता मिशन’

# वर्कशॉप में बताया पेटेंट का महत्व और उपयोगिता



पत्रिका plus रिपोर्टर

**जयपुर.** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारत सरकार के पेटेंट और डिजाइन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में ‘राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन’ विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पेटेंट और डिजाइन विभाग के सहायक नियंत्रक डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने पेटेंट से जुड़े बिंदुओं के बारे में चर्चा की। साथ ही वर्तमान समय में पेटेंट का महत्व, उपयोगिता के बारे में भी बताया।

## प्रोफेसरों ने साझा किए विचार

**यूनिवर्सिटी** के चेयरपर्सन डॉ. एस.एल. सिहाग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वाइस चेयरपर्सन डॉ. आरके अरोड़ा ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. अरविन्द कुमार अग्रवाल, प्रो. प्रशांत बेनीवाल, डॉ. एन.डी. जसूजा ने भी विचार साझा किए। इस दौरान डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

राजस्थान पत्रिका

**27-02-2023**

epaper.patrika.com

# एमओयू से छात्रों को मिलेगा शिक्षा व रोजगार में फायदा



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास और शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए आईडीपी इंडिया के साथ एमओयू किया हैं। यह संस्था ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड सहित अन्य दशों में 700 से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है। जहां पर शिक्षा और रोजगार के लिए अंग्रेजी भाषा परीक्षा देना अनिवार्य हैं। विश्वविद्यालय के सीईओ वाइस चेयरपर्सन डॉ.आरके अरोड़ा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि छात्रों को विदेश में शिक्षा व रोजगार में लाभ मिलेगा। कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने कहा कि इससे छात्रों की प्रतिभा को वैश्विक मंच मिलेगा।

दैनिक भास्कर

**27-02-2023**

दैनिक भास्कर

जयपुर 27-02-2023

# निर्वाण विश्वविद्यालय व आईडीपी इंडया ने किया 'एमओयू'

जयपुर | निर्वाण विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को व्यक्तित्व के सम्यक विकास एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में एक कदम



बढ़ाते हुए आईडीपी इण्डिया के साथ 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए है। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के सीईओ एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इससे विदेशों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के इच्छुक छात्रों को मदद मिलेगी। इस मौके पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग, कुलपति प्रो. अरविन्द कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

**24-02-2023**

दैनिक भास्कर

जयपुर 24-02-2023

# निर्वाण विश्वविद्यालय व रूस की एचएसई यूनिवर्सिटी के मध्य 'एलओआई' पर हुए हस्ताक्षर

जयपुर | निर्वाण विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. प्रशांत बेनीवाल और एचएसई यूनिवर्सिटी, सेंट पीट्सबर्ग, रूस की डायरेक्टर एन्ना त्यशेत्स्काया ने 'लेटर ऑफ इंटेंट' (आशय का पत्र) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. प्रशांत बेनीवाल ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी इससे लाभान्वित होंगे। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने कहा कि दोनों संस्थाओं के शिक्षक, शोधार्थी एवं स्नातक, परास्नातक छात्र विभिन्न शोध गतिविधियों और संयुक्त रूप से शोध परियोजनाओं और पब्लिकेशन में एक दूसरे का सहयोग कर सकेंगे।



राजस्थान पत्रिका

**24-02-2023**

पत्रिका

# लेटर ऑफ इंटेंट पर हुए हस्ताक्षर



पत्रिका plus रिपोर्टर

जयपुर. शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए निर्माण विश्वविद्यालय व रूस की एचएसई यूनिवर्सिटी के मध्य एलओआई पर हस्ताक्षर हुए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. प्रशांत बेनीवाल और एचएसई यूनिवर्सिटी सेंट पीट्सबर्ग, रूस की डायरेक्टर एन्ना त्यशेत्स्काया ने 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर किए।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अरविन्द कुमार अग्रवाल ने बताया कि इससे दोनों संस्थाओं के विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन संगोष्ठियां, सम्मेलन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला का आयोजन कर सकेंगे। इस दौरान यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग और यूनिवर्सिटी के सीईओ एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि इससे दोनों यूनिवर्सिटी के शोधार्थी, शिक्षक और विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों में एक दूसरे का सहयोग भी कर सकेंगे।

24/02/2023 | Jaipur City | Page : 22

दैनिक भास्कर

**03-02-2023**

दैनिक भास्कर

जयपुर 03-02-2023

# ओमप्रकाश वाल्मीकि स्मृति साहित्य सम्मान के लिए डॉ. प्रेम कुमार का हुआ चयन



जयपुर | निर्वाण विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के अध्यक्ष एवं युवा हिंदी साहित्यकार डॉ. प्रेम कुमार को साहित्य चेतना मंच, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा चतुर्थ 'ओमप्रकाश वाल्मीकि स्मृति साहित्य सम्मान-2023' के लिए चुना गया है। डॉ. प्रेम कुमार की अब तक पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

# राजस्थान पत्रिका

# 06-01-2023

पत्रिका

## मौलिक अधिकारों की दी जानकारी



**जयपुर @ पत्रिका प्लस**. नए संकल्प और महत्वाकांक्षाओं को आत्मसात करते हुए निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के छात्र-छात्राओं ने नववर्ष मनाया। गुरुजनों को नमन करते हुए विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने का वचन लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरविंद अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रजिस्ट्रार प्रो. प्रशांत बेनीवाल ने विवि की गत वर्ष की उपलब्धियों को बताया। विवि के चेयरपर्सन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि जरुरतमंद विद्यार्थियों के लिए विवि के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। आचार्या डॉ. विजयालक्ष्मी ने महिला शिक्षा व मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

06/01/2023 | Jaipur City | Page : 11

दैनिक भास्कर

**31-12-2022**

# विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य और नाटक का मंचन किया



**जयपुर** | आगरा रोड स्थित निर्वाण विश्वविद्यालय में हाल ही किसान दिवस के अवसर पर देश के किसानों का सम्मान करते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा कई मनमोहक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने किसानों की स्थिति और उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्पष्ट करते हुए, वर्तमान में आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक परिवेश में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. एसएल सिहाग ने बताया कि कार्यक्रम में एग्रीकल्चर विद्यार्थियों ने सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य और नाटक का मंचन किया।

राजस्थान पत्रिका

**23-11-2022**

विधिक साक्षरता अभियान

# छात्राओं को दी विधिक अधिकारों की जानकारी



पत्रिका plus रिपोर्टर

जयपुर. विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसएन कॉलेज ऑफ लॉ निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से विधिक साक्षरता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. आर पी वर्मा ने बताया कि कोई अपने अधिकारों की रक्षा नहीं करता तो यह स्वयं के शोषण को आमंत्रण है। अभियान से छात्राओं को विधिक अधिकारों और सरकार की शिक्षा के क्षेत्र की सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विधि के प्रति लोगों को जागरूक किया। विश्वविद्यालय चेयरपर्सन डॉ. एस एल सिहाग ने बच्चों के भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया ।

दैनिक भास्कर

**23-11-2022**

जयपुर, बुधवार 23 नवंबर, 2022 | 06

## बिजनेस प्लस

# निर्वाण यूनिवर्सिटी का विधिक साक्षरता अभियान



**जयपुर** | एसएन कॉलेज ऑफ लॉ निर्वाण यूनिवर्सिटी की ओर से विधिक साक्षरता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत विशिष्ट रूप से छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरपी वर्मा ने बताया कि जमवारामगढ़ दौसा, चाकसू, बस्सी जैसे घनी आबादी क्षेत्र में विधि के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए एक सभ्य नागरिक बनने का संकल्प लिया गया। विवि के चेयर पर्सन डॉक्टर एसएल सिहाग ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास का वादा किया गया।